संख्या- /78-2-2025-ई-1943606

प्रेषक,

अर्जुन देव भारती,
संयुक्त सचिव,
उ.प्र. शासन।

सेवा में,

1. प्रबन्ध निदेशक, यूपीएलसी, 10 अशोक मार्ग,लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को, गोमती नगर, लखनऊ।
3. प्रबन्ध निदेशक, श्रीट्रान इण्डिया लि0 / अपट्रान पावरट्रानिक्स लिमिटेड,गोमती नगर,लखनऊ।

आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, अनुभाग-2 लखनऊः दिनांक ~~सितम्बर~~,2025 06 अक्टूबर

विषयः- निविदा संबंधी कार्यों में conflict of interest के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग उ0प्र0 शासन के कार्यालय-ज्ञाप, संख्या-20/2021/1398/78-2-2021/135 आई0टी0 /2016, दिनांक 13.09.2021 के माध्यम से यूपीडेस्को, यूपीएलसी, अपट्रॉन पॉवरट्रानिक्स लि. एवं श्रीट्रान इण्डिया लिमिटेड में विभागीय आई.टी. एवं आई.टी.ई.एस सम्बन्धी कार्यों को सम्पन्न करने हेतु कतिपय फर्मों को सूचीबद्ध करने हेतु दिशा-निर्देश जारी किये गये है।

2- उक्त के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ऐसी निविदादाता फर्मे जो आई.टी. एवं आई.टी.ई.एस. सम्बन्धी कार्यों हेतु संबंधित निगम में सूचीबद्ध नहीं है, वही फर्मे उक्त निगम की PMU संबंधी निविदा में प्रतिभागिता हेतु पात्र होंगी तथा उक्त निविदा के सापेक्ष चयनित फर्म पारित होने वाले अनुबन्ध की अवधि में आई.टी. एवं आई.टी.ई.एस. सम्बन्धी कार्यों के लिये सूचीबद्धता हेतु पात्र नहीं होंगी।

साथ ही यह भी कहने का निदेश हुआ है कि विभागीय निविदा प्रक्रिया में हितों के टकराव (conflict of interest) की स्थिति किसी भी रुप में उत्पन्न न हो इस हेतु अपने यहां कार्यरत समस्त कार्मिकों से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया जाए कि उनके या उनके सम्बन्धितों द्वारा संचालित / प्रतिभागिता की कोई भी फर्म वेंडर के रुप में आपके निगम के अन्तर्गत एनरोल नहीं है, अन्यथा की स्थिति में फर्म को ब्लैकलिस्टेड करने की कार्यवाही कर शासन को अवगत कराना सुनिश्चित किया जाए।

भवदीय,

(अर्जुन देव भारती)
संयुक्त सचिव

Digitally signed by
ARJUN BHARTI DEV
Date: 03-10-2025
18:17:52